2022 IV 13 | 0900 | Seat No. | | | | | |

Time : 1½ Hours

SECOND-TERM

HINDI LANG. II

Subject Code

H	4	4	2	4

Total No. of Questions : 6 (Printed Pages : 4) Maximum Marks : 40

सूचनाएँ : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) दायीं ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

(iii) प्रत्येक मुख्य प्रश्न का उत्तर नये पन्ने से शुरू कीजिये।

(iv) प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिये।

1. (क) निम्नलिखित कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थान में भरकर पूर्ण वाक्य फिर से लिखिये : 1

(अ) उन्होंने अपने .... को हमेशा आगे बढ़ाने की कोशिश की।

(स्वावलंबियों, अनुयायियों, शरणार्थियों)

(ख) कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थानों में भरकर निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को फिर से लिखिये : 2

(अ) लोग उन्हें देखकर हँसते हैं, मुँह बनाते हैं, ... बजाते हैं।

(मटकियाँ, तालियाँ, सीटियाँ)

(आ) चमकने देना चाहिये .... को उजले फर्श की तरह।

(मन, बर्तन, दिमाग)

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिये :

(अ) राधा किस हेतु श्रीकृष्ण की बाँसुरी छुपाती है ?

(आ) आज विज्ञापन तथा पोस्टर्स की दुनिया में किसका महत्व कम हो गया है ?

(इ) कवयित्री कौनसी बात बार-बार दोहराती है ?

(घ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये :

हमारे देश का बहुत ही सुनहरा भविष्य है। जो कल के नेता बनेंगे, खासकर बच्चों
कठिन परिश्रम करना है। ऐसा करने से विकसित भारत का लक्ष्य खुद-ब-खुद प्राप्त
जायेगा। यह हमें कोई उपहार में न दे देगा बल्कि हमने जो अपने लिए लक्ष्य तय कि
है उसे हासिल करने के लिए हमें दिन-रात मेहनत करनी होगी। अपने खून-पसीने की बदौलत
ही हम भारत को विकसित देशों की कतार में खड़ा कर सकेंगे। यदि भारत को 202
तक एक विकसित देश बनना है तो हमें यह सफर अपने युवकों के बल पर ही तय कर
होगा।

प्रश्न :

(1) हमारे देश का भविष्य कैसा है ? 1

(2) विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें क्या करना होगा ? 1

(3) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम क्या है ? 1

2. (क) निम्नलिखित गद्य-अवतरणों में से किसी **एक** का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये : 3

(अ) "तुम सुबह पढ़ लिया करो। तुम्हारी माँ बूढ़ी हुई, उनके शरीर में अब वह शक्ति नहीं बची है। तुम हो, तुम्हारी भाभी हैं, दोनों को मिलकर काम में हाथ बँटाना चाहिये।"

(आ) "दादी आप मन-ही-मन बोलकर लिखिये न। मुझे पता है क्या खेल है।"

(ख) निम्नलिखित पद्य अवतरणों में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 4

(अ) मीत, न नीति गलीतु ह्वै जौ धरियै धनु जोरि।

खाऐं खरचैं जौ जुरै, तो जोरियै करोरि।।

(आ) छिपैं छिपाकर छिति छुवैं तम ससिहरि न, सँभारि

हँसति हँसति चलि, ससिमुखी, मुख तै आँचरु टारि।

3. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिये : (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 से 45 शब्दों में हो) : 6

(अ) रेलवे क्वार्टर का कमरा छोड़ते समय गजाधरबाबू दु:खी क्यों थे ?

(आ) महात्मा गांधी ने लोहिया के विषय में अपनापन कैसे महसूस किया ?

(इ) रोमा के अचानक घर आने पर घर के सभी सदस्य क्यों चौंक गए ?

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिये : (प्रश्न का उत्तर लगभग 20 से 25 शब्दों में हो) : 2

(अ) 'पोस्टर और आदमी कविता के व्यंग्य को स्पष्ट कीजिये।

(आ) कवयित्री नीलेश रघुवंशी उदासी को किस प्रकार दूर करना चाहती हैं ?

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के विरुद्धार्थी रूप लिखिये : 2

(अ) अपना

(आ) अंधकार

(इ) असली।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये : 2

(अ) वे घर के अंदर से आते विविध स्वरों को सुनता रहे।

(आ) वहाँ हजारों लोगों की भीड़ था।

5. (क) निम्नलिखित कोष्ठकों में दी गई संज्ञाओं का उचित कारक रूप रिक्त स्थानों में
मे भरकर वाक्यों को फिर से लिखिये : 2

(अ) वे एक अनोखी ………………… जी रहे थे। (दुनिया)

(आ) चूल्हे की जलती ………………… भैया को मार खिलवा दिया। (लक (लकड़ी)

(ख) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों
प्रयोग कीजिये : 4

(अ) नाक भौं चढ़ाना

(आ) प्राण न्यौछावर करना

(इ) अचंभित होना।

6. (क) 'बार-बार बिजली की कटौती से परेशान' इस विषय को लेकर दो महिलाओं–
माया और छाया के बीच हुए संवाद को 8 से 10 वाक्यों में लिखिये। 3

(ख) समीर/समीरा जोशी, राम गली, म्हपसा-गोवा से पुलिस अधीक्षक, पुलिस थाना, म्हापसा
को गली में रात के समय शराबियों द्वारा होने वाले शोर-शराबे की शिकायत करते हुए पत्र लिखता/लिखती है। 4